आरईसी
REC
असीमित ऊर्जा, अनन्त संभावनाएं
Endless energy. Infinite possibilities.

**REC Limited | आर ई सी लिमिटेड**
(भारत सरकार का महारत्न उद्यम) (A Maharatna Government of India Enterprise)
पंजीकृत कार्यालय: कोर–4, स्कोप कॉम्प्लेक्स, 7, लोधी रोड, नई दिल्ली–110003
कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नं. आई–4, इफको चौक मेट्रो स्टेशन के पास,सेक्टर–29, गुरुग्राम–122001(हरियाणा)
दूरभाष: +91 124 444 1300 | वेबसाइट: www.recindia.nic.in
सीआईएन: L40101DL1969GOI005095 | जीएसटी नं.: 06AAACR4512R3Z3

**एसईसी-1/187(2)/2026/2952** **दिनांक: 30 जुलाई , 2026**

| | |
|---|---|
| **लिस्टिंग विभाग**,<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स,<br>बांद्रा (पूर्व), मुंबई –400 051 | **कॉर्पोरेट संबंध विभाग**<br>बीएसई लिमिटेड<br>पहली मंजिल, फिरोज जीजीभोय टॉवर्स<br>दलाल स्ट्रीट, फोर्ट, मुंबई – 400 001 |
| **स्क्रिप कोड-RECLTD** | **स्क्रिप कोड-532955** |
| **Listing Department**<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Bandra kurla Complex,<br>Bandra (East), Mumbai-400 051. | **Corporate Relationship Department**<br>BSE Limited<br>1st Floor, Phiroze Jeejeebhoy Towers<br>Dalal Street, Fort, Mumbai - 400 001. |
| **Scrip Code-RECLTD** | **Scrip Code-532955** |

**विषय : आरईसी लिमिटेड ("आरईसी"/"कंपनी") की 57वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") की सूचना एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक रिपोर्ट।**

महोदय/ महोदया,

सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 ("सूचीबद्धता विनियम") के विनियम 30 के अनुपालन में, यह सूचित किया जाता है कि आरईसी की 57वीं वार्षिक आम बैठक ("एजीएम") **मंगलवार, 25 अगस्त, 2026 को पूर्वाह्न 11:00 बजे (भारतीय मानक समय**) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी)/अन्य ऑडियो-विजुअल माध्यम (ओएवीएम) के माध्यम से आयोजित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त, सूचीबद्धता विनियमों के विनियम 34(1) के अनुपालन में, कृपया इसके साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट संलग्न पाएं, जिसमें अन्य बातों के साथ कंपनी की 57वीं वार्षिक आम बैठक की सूचना भी सम्मिलित है।

उक्त वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट पर निम्नलिखित लिंक https://recindia.com/annual-reports तथा ई-वोटिंग सेवा प्रदाता अर्थात् नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com. पर भी उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") के प्रावधानों तथा सूचीबद्धता विनियमों के साथ पठित कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय एवं सेबी द्वारा जारी लागू परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना एवं वार्षिक रिपोर्ट 30 जुलाई, 2026 को ई-मेल के माध्यम से उन सभी सदस्यों को प्रेषित कर दी गई है, जिनके ई-मेल आईडी कंपनी/आरटीए/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं।

इसके अतिरिक्त, कंपनी ने उन शेयरधारकों को भी एक पत्र प्रेषित किया है, जिनके ई-मेल आईडी कंपनी/आरटीए/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, जिसमें कंपनी की वेबसाइट का वेबलिंक उपलब्ध कराया गया है, जहां वित्तीय वर्ष 2025-26 की वार्षिक रिपोर्ट का अभिगमन/अवलोकन किया जा सकता है।

कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों, उसके अधीन बनाए गए नियमों तथा सूचीबद्धता विनियमों के अनुपालन में, यह सूचित किया जाता है कि कंपनी ने 57वीं आम बैठक सभा के संबंध में निम्नलिखित तिथियां निर्धारित की हैं :-

| | |
|---|---|
| वार्षिक आम बैठक से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग/वार्षिक आम बैठक के दौरान ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने हेतु शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने के लिए **कट-ऑफ तिथि।** | **मंगलवार, 18 अगस्त, 2026** |
| कट-ऑफ तिथि अर्थात् **18 अगस्त, 2026** की स्थिति के अनुसार पात्र शेयरधारकों को प्रस्तावित संकल्पों पर इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने मत प्रदान करने में सक्षम बनाने हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग की अवधि। | **शनिवार, 22 अगस्त, 2026 (0900 बजे) से सोमवार, 24 अगस्त, 2026 (1700 बजे) तक।** |
| यदि आगामी वार्षिक आम बैठक में अनुमोदित किया जाता है, तो वित्तीय वर्ष 2025-26, के लिए अंतिम लाभांश के भुगतान की तिथि। | वार्षिक आम बैठक की तिथि से 30 दिनों के भीतर।<br><br>सदस्य वित्तीय वर्ष 2026-27, के लिए निर्धारित कर-संबंधी दस्तावेज़ https://alankitassignments.com/investor-charter/ वेबलिंक का उपयोग करके अथवा virenders@alankit.com. पर ई-मेल के माध्यम से, जिसकी प्रति recfd@alankit.com. को अंकित करते हुए, प्रस्तुत कर सकते हैं। |

यह आपकी जानकारी के लिए है ।

धन्यवाद ,

**भवदीय,**
**कृते आरईसी लिमिटेड**
**Digitally Signed**

**(दिनेश गर्ग)**
**कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी**

**संलग्नक : उपर्युक्तानुसार**